अव्यवस्था | हाऊबाग मार्ग बना मैकेनिक जोन, लाइन से लगी दुकानों के बाहर हफ्तों खड़े रहते हैं वाहन

# सड़क पर ही वाहनों की मरम्मत से बिगड़ रही यातायात व्यवस्था

**जबलपुर, नवभारत।** शहर का व्यस्त नेपियर टाउन से हाऊबाग को जोड़ने वाला मार्ग इन दिनों धीरे-धीरे अनौपचारिक मैकेनिक जोन में तब्दील होता जा रहा है। सड़क किनारे संचालित ऑटोमोबाइल रिपेयर और गैराज की कई दुकानों के बाहर मरम्मत के लिए आए दोपहिया वाहन दिनों नहीं, बल्कि कई मामलों में हफ्तों तक सड़क पर ही खड़े रहते हैं। नतीजतन सड़क की उपयोगी चौड़ाई लगातार कम होती जा रही है और यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है। व्यस्त समय में यहां वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं और लोगों को रोजाना जाम का सामना करना पड़ता है। स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब मैकेनिक सड़क पर ही जैक लगाकर वाहन खोलना शुरू कर देते हैं। इंजन, टायर, ऑटो पार्ट्स और उपकरण सड़क तक फैले रहते हैं, जिससे अन्य वाहनों के



निकलने के लिए पर्याप्त जगह नहीं बचती।

### दुर्घटना का बना रहता है खतरा

कई बार मरम्मत के दौरान वाहन आधी सड़क घेर लेते हैं, जिससे आम नागरिकों, स्कूली बच्चों, एम्बुलेंस और कार्यालय आने-जाने वालों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। दोपहिया वाहन चालकों को बड़े वाहनों के बीच से निकलना पड़ता है, जिससे दुर्घटना का खतरा भी लगातार बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या कोई नई नहीं है। लंबे समय से सड़क किनारे वाहनों की मरम्मत और पार्किंग का सिलसिला जारी है, लेकिन संबंधित विभागों की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही। नागरिकों का आरोप है कि कई दुकानदार सार्वजनिक सड़क को अपनी कार्यशाला का विस्तार मानकर इस्तेमाल कर रहे हैं, जबकि सड़क आम लोगों की सुविधा और सुरक्षित आवागमन के लिए बनी है। व्यापारिक गतिविधियों के चलते इस मार्ग पर दिनभर वाहनों का दबाव बना रहता है। ऐसे में सड़क पर खड़े खराब वाहनों और मरम्मत कार्य के कारण जाम की स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है।

### आए दिन होता है विवाद

कई बार वाहन चालकों के बीच विवाद की नौबत भी आ जाती है। राहगीरों का कहना है कि यदि सड़क के किनारे अवैध रूप से वाहन खड़े करने और सार्वजनिक मार्ग पर मरम्मत कराने पर रोक नहीं लगाई गई तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा भी हो सकता है। शहरवासियों ने नगर निगम, यातायात पुलिस और जिला प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग का संयुक्त निरीक्षण कर सड़क पर कब्जा कर मरम्मत करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही दुकानों को निर्देश दिए जाएं कि मरम्मत कार्य केवल अपने परिसर के भीतर ही करें और सार्वजनिक सड़क को पार्किंग या वर्कशॉप के रूप में उपयोग न करें। लोगों का कहना है कि नियमित अभियान और कड़ी निगरानी से ही इस महत्वपूर्ण मार्ग को जाम और अव्यवस्था से मुक्त कराया जा सकता है।

# मदन महल अंडरब्रिज में कार बनी आग का गोला



**नवभारत, जबलपुर।** मदन महल रेलवे स्टेशन के समीप स्थित अंडरब्रिज में गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक कार अचानक आग का गोला बन गई। देखते ही देखते आग की विकराल लपटों ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। इस भीषण अग्निकांड के चलते अंडरब्रिज के भीतर और आसपास अफरा-तफरी और दहशत का माहौल निर्मित हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कार क्रमांक एमपी 20 जेड क्यू 6599 में आग लगने के बाद उसके भीतर से बीच-बीच में तेज धमाकों जैसी आवाजें आ रही थीं। अंडरब्रिज के संकरे रास्ते में इन धमाकों की गूंज से वहां मौजूद लोग बुरी तरह सहम गए। घटना के वक्त वहां से गुजर रहे अन्य वाहन चालकों ने तत्परता और सूझबूझ का परिचय दिया।

उन्होंने तुरंत अपने वाहनों के पहिए थाम लिए और जलती कार से एक सुरक्षित दूरी बना ली, इस पूरे हादसे में सबसे राहत की बात यह रही कि जैसे ही कार से धुआं और चिंगारियां उठनी शुरू हुईं, वैसे ही कार ड्राइ वर ने बिना वक्त गंवाए फुर्ती से बाहर निकल आए। इस भयानक हादसे में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। कार अमित द्विवेदी की बताई जा रही है। ॉर्ट सर्किट से हादसाहुआ है।

### दमकल की टीम ने बुझाई आग, यातायात प्रभावित

हादसे की सूचना मिलते ही नगर निगम की दमकल टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया। फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने मशक्कत के बाद कार में लगी आग पर पूरी तरह काबू पाया। इस अग्निकांड के कारण व्यस्त रहने वाले मदन महल अंडरब्रिज मार्ग पर वाहनों का आवागमन कुछ समय के लिए पूरी तरह थम गया। आग पर काबू पाने और क्षतिग्रस्त वाहन को रास्ते से हटाए जाने के बाद ही यातायात को दोबारा सुचारू रूप से बहाल किया जा सका।

## एक नजर में



### अयोध्या धाम स्पेशल का डभौरा स्टेशन पर अस्थायी ठहराव

**जबलपुर, नवभारत।** पश्चिम मध्य रेल ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जबलपुर-अयोध्याधाम-जबलपुर स्पेशल एक्सप्रेस (01705/01706) का डभौरा रेलवे स्टेशन पर अस्थायी ठहराव देने का निर्णय लिया है। इस व्यवस्था से डभौरा एवं आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को अयोध्याधाम और जबलपुर के बीच यात्रा के लिए बेहतर रेल सुविधा उपलब्ध होगी तथा उन्हें अन्य स्टेशनों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। रेलवे के अनुसार, गाड़ी संख्या 01705 जबलपुर-अयोध्याधाम एक्सप्रेस स्पेशल का डभौरा स्टेशन पर 14 जुलाई से 29 दिसंबर तक प्रतिदिन मध्यरात्रि 00:48 बजे आगमन एवं 00:50 बजे प्रस्थान होगा। वहीं, 01706 अयोध्याधाम-जबलपुर एक्सप्रेस स्पेशल 15 जुलाई से 30 दिसंबर तक डभौरा स्टेशन पर रात 23:28 बजे आगमन तथा 23:30 बजे प्रस्थान करेगी। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से यात्रा के दौरान इस अस्थायी ठहराव का लाभ उठाने की अपील की है।

### पहली तिमाही में 126 .36 करोड़ रुपये का राजस्व हुआ प्राप्त

**जबलपुर, नवभारत।** पश्चिम मध्य रेल ने वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में अन्य कोचिंग एवं संड्री (विविध) आय के जरिए 126 करोड़ 36 लाख रुपये का राजस्व अर्जित किया है। इसमें अन्य कोचिंग मद से 50 करोड़ 58 लाख रुपये और संड्री आय से 75 करोड़ 78 लाख रुपये प्राप्त हुए। यह पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि की तुलना में क्रमश: 5.59 प्रतिशत और 5.91 प्रतिशत अधिक है। वहीं जून 2026 में भी अन्य कोचिंग से 17.10 करोड़ रुपये तथा संड्री आय से 21.80 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित कर रेलवे ने सकारात्मक वृद्धि दर्ज की है रेलवे अधिकारियों के अनुसार, गैर-किराया राजस्व बढ़ाने के लिए कैटरिंग, पार्किंग, वन स्टेशन वन प्रोडक्ट, प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र, वाणिज्यिक विज्ञापन, मल्टीपरपज स्टॉल और ट्रेनों में विनाइल रैपिंग जैसी योजनाओं को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके साथ ही नई अभिनव गैर-किराया राजस्व नीति के तहत नए व्यावसायिक मॉडल भी लागू किए जा रहे हैं। रेलवे का कहना है कि ग्राहक-केंद्रित सेवाओं और नवाचारों के बल पर भविष्य में भी अन्य कोचिंग एवं संड्री आय में लगातार वृद्धि के प्रयास जारी रहेंगे।

# जर्जर भवन हटाने पहुंची टीम, भवन स्वामी को हटाने दिया समय

**जबलपुर।** सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड के अंतर्गत पिसनहारी की मढ़िया क्षेत्र में स्थित एक अत्यंत जर्जर भवन को हटाने के लिए निगम की टीम मौके पर पहुँची। जहाँ पर भवन स्वामी के द्वारा स्वयं से जर्जर भवन को तोड़ने की बात कही जिसपर संवेदनशीलता और नियमों का पालन करते हुए, निगम अधिकारियों ने भवन के स्वामी को स्वयं ही इस रिक्त ढांचे को सुरक्षित रूप से हटाने के लिए तीन दिवस का समय दिया है। विदित हो कि निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर अपर आयुक्त देवेन्द्र सिंह चैहान एवं सौरभ मिश्रा ने नगर निगम के भवन एवं अतिक्रमण शाखा के साथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित



खतरनाक व जर्जर भवनों को हटाने की एक प्रभावी संयुक्त कार्यवाही की जा रही है। कार्यवाही के समय संभागीय भवन अधिकारी शैलेन्द्र कौरव, अतिक्रमण अधिकारी कृष्णपाल सिंह रावत, संभागीय भवन अधिकारी दिगदर्श सिंह, अतिक्रमण अधिकारी, संभागीय अधिकारी सुरेंद्र मिश्रा, भवन उपयंत्री यशवंत सोनी एवं अतिक्रमण टीम उपस्थित रही। इसी कड़ी में, शहर की सुरक्षा व्यवस्था को और पुख्ता करते हुए अपर आयुक्त देवेन्द्र सिंह चैहान की उपस्थिति में रविन्द्र नगर अधारताल क्षेत्र में भी एक अन्य खतरनाक व जर्जर मकान को जमींदोज करने की कार्यवाही की गई।

# टोकन वितरण की व्यवस्था एक अगस्त से होगी शुरू

**जबलपुर, नवभारत।** यात्रियों को तत्काल टिकट आरक्षण में अधिक सुविधा, पारदर्शिता एवं सुव्यवस्थित व्यवस्था उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा तत्काल टिकट हेतु टोकन वितरण की संशोधित व्यवस्था लागू की जा रही है। यह नई व्यवस्था 01 अगस्त से जबलपुर रेल मंडल सहित पश्चिम मध्य रेलवे के सभी आरक्षण केंद्रों पर प्रभावी होगी वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा ने बताया कि नई व्यवस्था के अंतर्गत यात्रियों को दोबारा आरक्षण कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं होगी। एसी श्रेणी के लिए टोकन प्रात: 08:30 बजे से 09:00 बजे तक तथा नॉन-एसी श्रेणी के लिए 09:00 बजे से 09:30 बजे तक वितरित किए जाएंगे। प्रत्येक आरक्षण काउंटर पर एसी श्रेणी के लिए 10 तथा नॉन-एसी श्रेणी के लिए 15 टोकन जारी किए जाएंगे। आवश्यकता एवं भीड़ की स्थिति को देखते हुए टोकनों की संख्या में परिवर्तन किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि टोकन वितरण में स्वयं अथवा परिवार के सदस्यों के लिए तत्काल टिकट लेने वाले यात्रियों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

### लगेगें यह दस्तावेज़

इसके लिए आधार कार्ड अथवा रेलवे द्वारा मान्य फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अन्य व्यक्तियों के लिए भी आवश्यक पहचान संबंधी दस्तावेजों के आधार पर टोकन जारी किए जाएंगे। सभी ए श्रेणी के यात्रियों के कार्य पूर्ण होने के बाद ही बी श्रेणी के यात्रियों की बारी आएगी। डॉ. मधुर वर्मा ने बताया कि टोकन पूरी तरह अहस्तांतरणीय होंगे तथा जिस व्यक्ति के नाम टोकन जारी किया जाएगा।

### लिया जाएगा आरपीएफ का सहयोग

साथ ही रेलवे अधिनियम की धारा 143(1) एवं 143(2) की जानकारी भी यात्रियों के लिए प्रदर्शित रहेगी। आवश्यकता पडने़ पर टोकन वितरण व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) का सहयोग भी लिया जाएगा। जबलपुर रेल मंडल यात्रियों से अपील करता है कि तत्काल टिकट बुकिंग के दौरान निर्धारित प्रक्रिया का पालन करें तथा केवल अधिकृत माध्यमों से ही टिकट प्राप्त करें, जिससे सभी यात्रियों को पारदर्शी एवं निष्पक्ष सेवा उपलब्ध हो सके।

# पदोन्नति में भेदभाव बर्दाश्त नहीं, हक छीना तो होगा आंदोलन

**नवभारत जबलपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में संचालित पदोन्नति प्रक्रिया को लेकर मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ, जिला स्वास्थ्य समिति ने आपत्ति दर्ज कराते हुए संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। संघ ने चेतावनी दी की यदि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव किया गया तो कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। आक्रोशित कर्मचारी संघ का कहना है की मध्य प्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम, 2025 के तहत पदोन्नति प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और समान अवसर के सिद्धांत पर आधारित होनी चाहिए। वर्ष 1989 के भर्ती एवं पदोन्नति नियमों तथा पूर्व में अपनाई गई व्यवस्था के अनुसार सभी पात्र चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को समान रूप से पदोन्नति का अवसर मिलता रहा है। ऐसे में यदि केवल मुख्य संवर्ग के कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ देकर अन्य पात्र कर्मचारियों को वंचित किया जाता है, तो यह कर्मचारियों के संवैधानिक एवं वैधानिक अधिकारों का उल्लंघन होगा। कर्मचारी संघ ने मांग की है की वार्ड बॉय, आया, खलासी, माली, धोबी, स्वीपर, वॉचमैन सहित सभी पात्र चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को समान रूप से पदोन्नति का लाभ दिया जाए तथा पूरी प्रक्रिया को नियमसम्मत और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराया जाए। ज्ञापन में प्रशासन से निष्पक्ष निर्णय लेने की अपेक्षा व्यक्त करते हुए कहा गया है की कर्मचारी हितों और न्याय के सिद्धांतों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। संघ ने स्पष्ट किया की यदि पदोन्नति प्रक्रिया में पक्षपात या भेदभाव किया गया तो संगठन चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित प्रशासन की होगी। इस दौरान संघ के प्रांतीय महामंत्री अजय कुमार दुबे, संभागीय अध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, जिला स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश पनगरहा, विपिन पीपरे, राजू महतो, सुरेश वाल्मीकि, प्रशांत श्रीवास्तव, रोहित कुशवाहा, सोम सिंह उदय, अमर पनगरहा, सुधीर सोनी, सुनील पाठक, रामबाबू बम्हन, सुनील गोटेल, सुरेश धूलिया, लालचंद मल्लाह, निशा बैगा, कविता बर्मन, नीतू बैगा, सुरभि गुहेरिया तथा रत्ना वर्मन सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अधिवक्ता संघ चुनाव : स्कूटनी के बाद 91 प्रत्याशी मैदान में

**जबलपुर।** जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के निर्वाचन सत्र 2026-28 के लिए गुरुवार को दावा-आपत्ति और स्कूटनी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद विभिन्न पदों के लिए 91 पात्र प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी जीएस ठाकुर ने बताया कि चुनाव कार्यक्रम के अनुसार 10 और 11 जुलाई को नाम वापसी होगी। इसके बाद अंतिम प्रत्याशी सूची प्रकाशित की जाएगी ।कार्यकारिणी सदस्य पद के उम्मीदवारों को नियमानुसार सीरियल नंबर भी आवंटित किए जाएंगे। उन्होंने सभी अधिवक्ताओं से शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और गरिमापूर्ण चुनाव संपन्न कराने में सहयोग की अपील की।

# डेयरी संचालक और उसके साथी को बेरहमी से पीटा, 50 हजार गायब

**नवभारत, जबलपुर।** मझौली थाना अंतर्गत सिहोदा मोड़ पर शराब पीने के लिए 500 न देने पर दबंगों ने एक डेयरी संचालक और उसके साथी को लाठी-डंडों व मुक्कों से बेरहमी से पीट दिया। इस वारदात के दौरान पीड़ित के पास मौजूद 50 हजार भी कहीं गिर गए। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मामला कर लिया है। पुलिस के अनुसार, देवरी अमगवां निवासी अखिलेश तिवारी (34) डेयरी संचालक हैं, वे अपने साथी हिमांशु की मोटरसाइकिल से कटाव जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक सिहोदा मोड़ के पास मुख्य सड़क पर पहुंची, वहां घात लगाकर बैठे बदमाशों ने उन्हें जबरन रोक लिया। शराब पीने के लिए 500 मांगे न देने पर डेयरी संचालक अखिलेश तिवारी और उनके साथी हिमांशु को लाठी-डंडों व मुक्कों से बेरहमी से पीट दिया। हमले के दौरान पीड़ित के जेब में रखे 50 हजार भी कहीं गिर गए। पीड़ित अखिलेश की शिकायत पर मझौली थाना पुलिस ने आरोपी सुनील पटेल, सचिन पटेल, रिंकू पटेल और रंजीत पटेल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

# करदाताओं को राहत : राशि जमा करने पर आज मिलेगी छूट

**जबलपुर।** करदाताओं को राशि जमा करने आज बड़ी छूट मिलेगी। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, राजस्व प्रभारी डॉ. सुभाष तिवारा एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि शुक्रवार को विशेष राजस्व शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर नगर निगम के सभी 16 संभागीय कार्यालयों और मुख्य मुख्यालय में आयोजित किया जाएगा, जहाँ नागरिक अपनी टैक्स संबंधी समस्याओं का समाधान पा सकेंगे और छूट का लाभ उठा सकेंगे। सहायक आयुक्त राजस्व शिवांगी महाजन ने बताया कि जो करदाता संपत्तिकर में अग्रिम कर का भुगतान करने वर्तमान वित्तीय वर्ष की राशि जमा करेंगे, उन्हें कुल संपति कर की राशि में 6.25 प्रतिशत की सीधी छूट दी जाएगी। वहीं सामाजिक सरोकार को ध्यान में रखते हुए, वरिष्ठ नागरिक 60 वर्ष से अधिक आयु के जल उपभोक्ता करदाताओं को वर्तमान वित्तीय वर्ष की जल कर राशि में 25 प्रतिशत की भारी छूट प्रदान की जा रही है। सितंबर 2026 तक मिलेगा लाभ, महापौर, राजस्व प्रभारी और निगमायुक्त ने की अपील यह विशेष छूट योजना सितंबर 2026 तक लागू रहेगी।

# अचानक कार का गेट खुलने से टकराई बाइक, मुंशी घायल

**नवभारत, जबलपुर।** सिविल लाइन थाना अंतर्गत जीएस कॉलेज के सामने सड़क पर खड़ी कार के चालक ने बिना देखे अचानक गेट खोल दिया, जिससे टकराकर बाइक सवार मुंशी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, नवयुग कॉलेज के पास सिविल लाइन निवासी संदीप कुमार ठाकुर (49) महाधिवक्ता कार्यालय हाईकोर्ट में मुंशी हैं। वह बीती रात लगभग 8.15 बजे ऑफिस का काम निपटाकर अपनी मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह जीएस कॉलेज के सामने पहुंचे, रोड पर खड़ी एक सफेद रंग की कार क्रमांक एमपी 20 बीए 0935 के चालक ने घोर लापरवाही बरतते हुए अचानक कार का गेट खोल दिया। संदीप संभल नहीं पाए और उनकी बाइक सीधे कार के गेट से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह बाइक समेत सड़क पर दूर जा गिरे। इस हादसे में उनके सिर, सीना, पीठ और पैर में गंभीर चोटें आई हैं।

# गेहूं खरीदी में कमी के शिकार किसानों को मिलेगी राहत

**नवभारत जबलपुर।** गेहूं उपार्जन में सामने आई कमी से प्रभावित किसानों के लिए राहत भरी खबर है। जिला प्रशासन ने दोषी व्यक्तियों एवं संबंधित समूहों से कमी की राशि की वसूली पूरी करने के बाद अब यह राशि किसानों को लौटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। शासन से अनुमति मिलने के बाद प्रभावित किसानों को समानुपातिक

आधार पर भुगतान किया जाएगा। प्रशासन का लक्ष्य अगले सप्ताह तक पूरी प्रक्रिया पूर्ण कर किसानों के खातों में राशि पहुंचाना है। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया की गेहूं खरीदी में सामने आई अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए पहले ही आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जा चुका था। विस्तृत जांच के बाद जिन व्यक्तियों और समूहों की जवाबदेही तय हुई, उनसे कमी की पूरी राशि की वसूली कर ली गई है। अब शासन की स्वीकृति प्राप्त होने के बाद वसूल की गई राशि वास्तविक हितग्राही किसानों को लौटाई जाएगी।

उन्होंने बताया की भुगतान समानुपातिक आधार पर किया जाएगा। यानी जिस किसान ने जितनी मात्रा में गेहूं उपार्जन केंद्र पर बेचा था, उसे उसी अनुपात में राशि मिलेगी। उदाहरण के तौर पर उन्होंने कहा की यदि 100 क्विंटल गेहूं बेचने वाले किसान के हिस्से में ?10 आते हैं, तो 50 क्विंटल गेहूं बेचने वाले किसान को ?5 का भुगतान किया जाएगा। इससे सभी प्रभावित किसानों को उनके हिस्से के अनुसार पारदर्शी तरीके से लाभ मिल सकेगा।

कलेक्टर ने कहा की प्रशासन इस पूरी प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने में जुटा है और अगले सप्ताह तक भुगतान की कार्रवाई पूर्ण करने का प्रयास किया जाएगा।

मुसीबत | बारिश में सड़कों पर जमाते हैं डेरा

# सड़कों पर मवेशियों का कब्जा, राहगीरों की बढ़ी मुसीबत



**जबलपुर, नवभारत।** शहर की गोरखपुर, सदर और नेपियर टाउन जैसे पॉश इलाकों की सड़कों पर आवारा मवेशियों का जमावड़ा अब राहगीरों और वाहन चालकों के लिए बड़ी परेशानी बनता जा रहा है। बारिश के मौसम में सूखी जगह की तलाश में गाय और सांड मुख्य सड़कों पर घंटों बैठे रहते हैं, जिससे यातायात बाधित होता है। कई स्थानों पर मवेशी सड़क के बीचों-बीच बैठ जाते हैं, जिससे दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेषज्ञों और स्थानीय रिपोर्टों के अनुसार बरसात के मौसम में सड़कों पर मवेशियों की मौजूदगी दुर्घटनाओं का जोखिम बढ़ा देती है। स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब सांड आपस में लड़ने लगते हैं। अचानक शुरू होने वाली उनकी लड़ाई से राहगीरों में अफरा-तफरी मच जाती है और कई लोग गिरकर घायल हो जाते हैं।

### मवेशियों को गौ शाला भेजने की मांग

शहर के व्यस्त मार्गों और चौराहों पर मवेशियों के कारण अक्सर लंबा जाम लग जाता है, लेकिन शिकायतों के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है। स्थानीय नागरिकों ने नगर निगम और प्रशासन से मांग की है कि सड़कों पर घूमने वाले मवेशियों को तत्काल पकड़कर सुरक्षित गौशालाओं में भेजा जाए तथा उनके मालिकों पर भी कार्रवाई की जाए। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो बारिश के मौसम में बड़े सड़क हादसे होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

### मूंग खरीदी सीमा बढ़ाने पर किसानों का प्रदर्शन

**नवभारत, जबलपुर।** भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में महाकौशल के किसानों ने ग्रीष्मकालीन मूंग की सरकारी खरीदी सीमा बढ़ाने और शत-प्रतिशत उपार्जन की मांग को लेकर जबलपुर के सभी तहसील मुख्यालयों पर प्रदर्शन किया। किसानों ने मुख्यमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर वर्तमान में तय 1.5 क्विंटल प्रति एकड़ की सीमा को बढ़ाकर न्यूनतम 5 क्विंटल करने की मांग की। उन्होंने बताया कि कम सीमा के कारण मंडी में उन्हें प्रति क्विंटल 2500 रुपये तक का नुकसान हो रहा है। किसानों ने तकनीकी दिक्कतों से वंचित रहे लोगों के लिए दोबारा पंजीयन विंडो खोलने और स्थानीय स्तर पर खरीदी केंद्र बनाने की मांग की है।

# अड़ीबाजी में चाकूबाजी, दो घायल

**नवभारत, जबलपुर।** शहर में अवैध वसूली और अड़ीबाजी के चलते सरेराह खून बहा। सिविल लाइन और संजीवनी नगर थाना क्षेत्रों में बदमाशों ने शराब पीने के लिए रुपयों की मांग की। जब पीड़ितों ने पैसे देने से इनकार कर दिया, तो आरोपियों ने उन पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। पुलिस ने दोनों ही मामलों में एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी अनुसार सिविल लाइन थाना अंतर्गत छुईखदान निवासी टीकाराम पटेल (31) को इलाके के बदमाश छोटा भैया ने घर के पास रोका। पुरानी रंजिश के चलते आरोपी ने शराब के लिए पैसों की मांग की। मना करने पर आरोपी ने चाकू मारकर टीकाराम को घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। इसी प्रकार संजीवनी नगर थाना अंतर्गत कटनी निवासी ऑटो चालक सौरभ बेन (27) अपने रिश्तेदार की शादी में परसवाड़ा आया था। गंगासागर कॉलोनी के पास उसके साढ़ू सत्यनारायण यादव ने दो साथियों संग उसकी गाड़ी रोकी और शराब के लिए 500 मांगे। पैसे न देने पर आरोपियों ने जातिसूचक गालियां दीं और सौरभ को पकड़कर उसकी बांह व कमर पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।